हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, गुरुवार 14 दिसंबर 2023





11 भारत विकसित यात्रा के दौरान लोगों को बताई योजनाएं



12 किसी एक समाज के नहीं नेता थे डा. आंबेडकर


## खबर संक्षेप



### मंढाणा में निकाला बेटी का घोड़ी पर बनवारा

**नारनौल।** गांव मंढाणा में मंगलवार रात को ब्रह्मप्रकाश ने अपनी बेटी अदिति का घोड़ी पर बनवारा निकाल कर समाज में बेटी-बेटा एक समान का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब बेटी भी बेटों से कम नहीं है। इस मौके पर परिवार के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

### आईटीआई की छात्रा अचानक लापता, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** आईटीआई पढ़ने आई एक छात्रा लापता हो गई है। छात्रा के पिता ने पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। छात्रा के पिता ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके एक लड़की व एक लड़का है। उसकी बड़ी लड़की है तथा छोटा लड़का है। दोनों अविवाहित है। उसकी 20 वर्षीय लड़की आईटीआई महेंद्रगढ में पढ़ती है। 11 दिसंबर को लड़की हर रोज की तरह आईटीआई में पढ़ने आई थी। इसके बाद लड़की घर पर वापिस नही पहुंची है। उसने अपने तौर पर सभी रिश्तेदारी व आसपास के इलाके में काफी तलाश की, लेकिन कहीं नहीं मिली है।

### रात को तेज आवाज में डीजे बजाने पर केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव माजरा खुर्द की बख्तावर की ढाणी में तेज आवाज में डीजे साउंड बजाने को लेकर पुलिस ने साउंड सिस्टम मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि साउंड सिस्टम मालिक ने डीसी के आदेशों की अवहेलना की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर थाना पुलिस टीम मंगलवार रात्रि को माजरा चुंगी पर गश्त पड़ताल पर थी। तब माजरा खुर्द की तरफ से बख्तावर की ढाणी से तेज गति से डीजे साउंड बजने की आवाज सुनाई दी। पुलिस टीम डीजे साउंड बजने की आवाज को सुनकर गांव माजरा खुर्द की बख्तावर की ढाणी में पहुंची। वहां पर एक पिकअप गाड़ी खड़ी हुई थी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट की मांग को लेकर धरना जारी

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच कट दिए जाने की मांग को लेकर धरना 276वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सरपंच हंस कुमार सेहलंग ने की। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह चेयरमैन ने कहा कि धरने को 276 दिन हो गए है, लेकिन कट के लिए कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस मौके पर पहलवान रणधीर सिंह, डा. लक्ष्मण सिंह, नरेंद्र शास्त्री छिथरौली, पूर्व सरपंच बेड़ासिंह, पूर्व सरपंच सतवीर सिंह, करण सिंह, दाताराम, डा. रामभक्त, मास्टर विजयपाल सिंह, मुंशीराम, भागमल, बाबूलाल, शेरसिंह, सूबेदार हेमराज, रोशनलाल आर्य, थानेदार रामकुमार, सीताराम रहे।

---

उप नागरिक अस्पताल में सफाई व्यवस्था का था खराब हाल

# एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, फूड सप्लाई विभाग पर लटका मिला ताला

- एसडीएम ने कहा कि समय पर कार्यालय पहुंचे अधिकारी व कर्मचारी
- एसडीएम बोले...अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर की जाएगी विभागीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने बुधवार को सात जगह पर पहुंचकर अल-अलग विभागों से जुड़े कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग कार्यालय पर ताला लटका मिला मिला।

इसके अलावा उप नागरिक अस्पताल में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल मिला। इसके साथ-साथ 10 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी नदारद मिले। नदारद कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए है। इस अवसर पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ कार्यालयों में कर्मचारी लेट-लतीफ आने की लगातार सूचनाएं मिल रही थी। इसी के चलते बुधवार को नौ बजे से लेकर साढ़े नौ बजे तक कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरूआत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय से की गई। इसके बाद बिजली निगम कार्यालय, अस्पताल, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मार्डन स्कूल का भी औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग कार्यालय पर ताला लटका हुआ मिला।



**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते एसडीएम सुरेंद्र सिंह।

### इन विभागों में एसडीएम

*इस दौरान एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने बिजली निगम, अस्पताल, डीईओ कार्यालय, मार्डन स्कूल, राजकीय महाविद्यालय, बीडीपीओ व सीडीपीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम सुरेंद्रसिंह ने कहा कि लेट आने वाले कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। लेट आने वाले कर्मचारी अपनी आदत में सुधार करें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आमजन को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पड़े। इसके साथ कर्मचारी अपने व्यवहार में भी नरमी बनाए रखे।*

### इन विभागों में मिले अनुपस्थित

| विभाग | अनुपस्थित की संख्या |
|---|---|
| बिजली निगम | 0 |
| उप नागरिक अस्पताल | 3 |
| बीडीपीओ | 2 |
| सीडीपीओ | 3 |

### सफाई व्यस्था का था बुरा हाल

*निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उप नागरिक अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की भरमार है, लेकिन अस्पताल में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। डस्टबीन कचरे से भरे हुए थे व पास में भी गंदगी बिखरी पड़ी थी। इसके साथ डस्टबीन में लगाई जाने वाली पॉलीथिन भी नहीं लगी मिली। शौचालयों का तो उससे भी बुरा हाल मिला। दूर से ही शौचालयों में दुगंर्ध आती हुई मिली। अस्पताल में सफाई व्यस्था को लेकर एसडीएम ने अधिकारियों को फटकार लगाई। इसके साथ निर्देश दिए की अगर सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।*

### कर्मचारियों को दिए नोटिस

बुधवार को विभिन्न कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित मिले है। अनुपस्थित मिले कर्मचारियों को नोटिस दिए गए। नोटिस का जबाव संतुष्टिपूर्ण नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।


**सुरेंद्र सिंह, एसडीएम कनीना।**

---

# हकेवि में सीएसआईआर-नेट परीक्षा की तैयारी हेतु चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के अनुसंधान व विकास सेल द्वारा इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड स्टडीज के सहयोग से सीएसआईआर नेट परीक्षा के महत्व और इसकी तैयारी योजना हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 200 प्रतिभागी पंजीकृत हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह परीक्षा विद्यार्थियों के लिए अति महत्वपूर्ण है और इस तरह की कार्यशालाएं विद्यार्थियों व प्रतिभागियों के लिए परीक्षा की तैयारी व उसमें सफलता का मार्ग प्रशस्त करने में मददगार होती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और मुख्य संरक्षक व विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का परिचय कराया। प्रो. सांगवान ने इस राष्ट्रीय परीक्षा में जारी बदलावों के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया। विशेषज्ञ इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड स्टडीज के योगेश और राजीव ने विभिन्न परीक्षाओं, उनकी आवश्यकताओं, प्रारूप, समय, अवधि आदि का विवरण प्रतिभागियों से साझा किया। डॉ. राजीव ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं सीएसआईआर-नेट, बीएआरसी, डीबीटी, आईसीएमआर, आईसीएआर, एएसआरबी, गेट और टीआईएफआर के बारे में जानकारी दी और 12 राज्यों द्वारा आयोजित एसईटी परीक्षाओं से भी अवगत कराया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी फेलोशिप, जीव विज्ञान क्षेत्र की भविष्य की संभावनाओं और विभिन्न वैज्ञानिक पदों के बारे में बताया, जो विद्यार्थी परीक्षा उत्तीर्ण करके प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने संक्षिप्त या दिशात्मक अध्ययन, महत्वपूर्ण विषय, अभ्यास प्रश्न, लक्ष्य ऊंचा, फोकस ही सब कुछ, समय प्रबंधन, गलतियों को सुधारना और उन पर काम करना, अनुशासन ही कुंजी हैं। इस आयोजन में छात्रा समन्वयक के रूप में निशा यादव, नेहा सैनी, सोनम कुमारी एवं मोनिका ने कार्यक्रम में सहयोग किया।




**महेंद्रगढ़।** कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति। फोटो : हरिभूमि

---

### शराब पीकर गाली-गलौच करने पर पुलिस ने एक को पकड़ा

**महेंद्रगढ़।** शराब पीकर गाली-गलौच करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपित पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस की एक टीम थाना शहर के गेट पर मौजूद थी। इस दौरान टीम को एक व्यक्ति गेट से थोड़ी दुर सड़क पर सरेआम बीच में खड़ा दिखाई दिया। इस दौरान वह व्यक्ति ऊंची आवाज में गालियां दे रहा था। पुलिस टीम ने उसको पकड़कर उसका नामपता पूछा तो उसने अपना नाम कृष्ण कुमार वासी झोझु कलां बताया। जिसके मुंह से शराब की बदबू आ रही थी।

---

# आरपीएस ग्रुप के कबीर डाबला ने हरियाणा में हासिल किया वन रैंक

- आरपीएस के 59 बच्चे क्लैट में क्वालिफाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस ग्रुप के कबीर डाबला ने हरियाणा में कैटेगरी में पहला रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके अलावा आरपीएस के जतिन ने दूसरा, समीर यादव ने पांचवां, सिद्वांत ने 31वां, मनीषा ने 35वां रैंक अपनी कैटेगरी में हासिल किया है। रुचि शर्मा ने 97.25 अंकों के साथ एआईआर 185, निधि निर्मल ने 92.75 अंकों के साथ कैटेगरी में 40वां रैंक, जतिन ने 94.25 अंकों के साथ कैटगरी में 43वां रैंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया हैं। विद्यालय के 59 विद्यार्थियों ने क्लैट में क्वालिफाई कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसके अलावा आरपीएस ग्रुप से हिमांशु, समर यादव, दीया मेहरा, सिद्धांत, मनीषा, सच, निधि चौहान, हैप्पी, माही, नंदिनी, दक्ष, जयवीर, युग, यशवीर, तनीषा, नैंसी, हंसिका, रिया यादव, गौरव, भारत, कल्पना यादव, नताशा, रक्षित वर्मा, तानिया, मन्नत, रुचि शर्मा, जतिन, आकांक्षा तंवर, साक्षी, कीया गौतम, दिव्यांजलि, अंबिका, यतुशी चौहान, अखिल यादव, प्रियांशु, यादवेंद्र यादव, तनुश्री, किशिता, अक्षित, वानी, धरिती, पूर्वी, नंदिनी राव, हिमानी राव, कनिष्क, जितेश, दीपेश, कृष्ती ने क्लैट क्वालिफाई किया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव ने उन्हें सम्मानित कर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप के बच्चे हर प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए सफलता का परचम लहरा रहे हैं। बीते दिवस विद्यालय का आठवीं कक्षा छात्र मयंक केबीसी से करोड़पति बनकर लौटा है यह हम सब के लिए गौरव की बात है। सीईओ इंजी मनीष राव ने कहा कि क्लैट की परीक्षा में देशभर से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। इस परीक्षा के आधार पर छात्र-छात्राओं की पहली पसंद एनएलएसआईवी बैंगलुरू, एनएलयू दिल्ली, एनएएलएसएओआर हैदराबाद, डब्ल्यूबीएनएलयू वैस्ट बंगाल तथा एनएलयू भोपाल संस्थान होते हैं। राष्ट्रीय स्तर की यह परीक्षा में हर वर्ष नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज द्वारा आयोजित की जाती है। परीक्षा के आधार पर ही बड़े संस्थानों के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाता हैं।



**महेंद्रगढ़।** क्लैट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

---

# कानून विषय पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

- कानून हमें जीवन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा उपलब्ध करवाता है : जिला एवं सत्र न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता की मौजूदगी में बुधवार को एडीआर सेंटर में कानूनी जागरूकता के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रजनीश बंसल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर एसीजेएम आर्य शर्मा मौजूद थी। मुख्यातिथि रजनीश बंसल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सुखमय जीवन जीने व जीवन में अपने अधिकारों के लिए कानून की जानकारी होना बहुत ही जरूरी है।

उन्होंने कहा कि कानून हमारे जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करता है। यह हमें मां की कोख से लेकर हमारी शिक्षा, रोजगार, विवाह तथा जीवन के अन्य सभी क्षेत्रों में सुरक्षा उपलब्ध करवाता है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश बंसल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर संतोष मेमोरियल दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र नसीबपुर के बच्चों की ओर से हस्त निर्मित सामग्री की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



**नारनौल।** प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश बंसल व अन्य न्यायाधीश। फोटो : हरिभूमि

---

# चैटजीपीटी पर ऑनलाइन कार्यशाला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग एवं एंटरप्रिन्योर सेल की ओर से वीरवार को एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। आय सृजन में एआई व चैटजीपीटी की भूमिका विषय पर आधारित इस कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व चैटजीपीटी के विभिन्न तकनीकी पक्षों, संभावनाओं के साथ-साथ इन तकनीकों के माध्यम से आय सृजन के तरीकों पर चर्चा होगी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि चैटजीपीटी अब तक का सबसे तेजी से लोकप्रिय होने वाले एप्लिकेशंस में से एक है। इसने डाटा संग्रहण एवं निर्माण के क्षेत्र में नई क्रांति ला दी है। कुलपति ने कहा कि अवश्य ही इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को इन दोनों तकनीकों को जानने-समझने में मदद मिलेगी। ग्रोथीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ रोहित मोटे विशेषज्ञ के रूप में विशेष सत्र लेंगे।



महेंद्रगढ़। कार्यशाला को ब्रोशर जारी करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

---




# रिया यादव व नितेश बने बेस्ट फीमेल व मेल एथलीट ऑफ द ईयर

**नारनौल।** शहर में कुलताजपुर रोड स्थित बीपीएस स्कूल की ओर से स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स में आयोजित तीन दिवसीय खेल स्पर्धाओं में उपलब्धियों व अंकों के आधार पर बेस्ट एथलीट का चुनाव किया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर पर गर्ल्स में गरिमा व बॉयज में लक्ष्य, मीडिल स्तर पर बॉयज में मोंटी व गर्ल्स में सोनम व सीनियर स्तर पर बॉयज में नितेश व गर्ल्स में रिया यादव को बेस्ट एथलीट ऑफ द ईयर 2023 चुना गया। इस अवसर पर संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी व सहसचिव डा. करण चौधरी ने ट्रॉफी प्रदान कर सभी खेल प्रतिभाओं का सम्मानित किया। संस्था के चारों सदनों में से 135 अंक प्राप्त कर सैफायर हाउस ने बेस्ट परफोमिंर्ग हाउस का पुरस्कार प्राप्त किया। गेम्स के कुशल संचालन के लिए संस्था के डीपीई नरेन्द्र कुमार व शशि बहल को भी संस्था मैनेजमैंट ने ट्रैक सूट प्रदान कर सम्मानित किया।

---

**कार्यक्रम** लोकसभा चुनाव से पहले अटेली को उपमंडल बनाया जाए अन्यथा होगा आंदोलनः नरेश यादव

# सैनिक बाहुल्य क्षेत्र अटेली को भी उपमंडल बनाने की मांग पकड़ने लगी जोर

हरिभूमि न्यूज मंडी अटेली

- सूची में अटेली को शामिल नहीं किए जाने पर रोष

हरियाणा युवा किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष व पूर्व विधायक नरेश यादव ने सरकार से मांग की है कि लोकसभा चुनावों से पहले अटेली को उपमंडल बनाया जाए अन्यथा इस कार्य के लिए आंदोलन किया जाएगा। नरेश यादव बुधवार को एक पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अटेली में आयोजित हकीकत रैली में यह आश्वासन दिया था कि जल्द ही अटेली को उपमंडल का दर्जा दिया जाएगा, लेकिन जनता की यह मांग अभी तक पूरी नहीं हुई, जो एक चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि नागंल चौधरी को उपमंडल का दर्जा सरकार ने दिया, यह एक बहुत बड़ी खुशी की बात है, लेकिन अटेली क्षेत्र की प्रदेश के मानचित्र में एक विशेष पहचान रही। साथ ही यह सैनिक बाहुल्य क्षेत्र रहा है। इस क्षेत्र को उपमंडल से वंचित रखना एक बहुत बड़ा चिंता का विशेष है। उन्होंने कहा कि पहले यहां के नागरिकों को अपने सरकारी कार्य के लिए नारनौल जाना पड़ता था और अब कनीना जाने को मजबूर हो रहे हैं। मंडी अटेली एक पुरानी विधानसभा के नाम से प्रदेश में पहचान बनाई हुई है, उसको उपमंडल का दर्जा नहीं मिलना बड़े दुःख की बात है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले अटेली को उपमंडल का दर्जा नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने अटेली को उपमंडल न बनाकर वादा खिलाफी की है, जिसके कारण जनता में भारी गुस्सा और आक्रोश है। इन आक्रोश सभाओं तथा विरोध प्रदर्शनों के दौरान राज्य सरकार से अटेली को उपमंडल व दौंगड़ा अहीर को उपतहसील का दर्जा देने की घोषणा करने, अटेली में आईएमटी स्थापित करने, युवाओं को रोजगार देने, मनरेगा का बजट बढ़ाकर 300 दिन की जॉब गारंटी देने तथा अधूरे पड़े सभी विकास कायरें को तत्काल पूरा करने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि हम 12 साल से अटेली को उपमंडल बनाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे है, लेकिन सरकार अटेली के लोगों की वाजिब मांग की अनदेखी कर रही है। इसलिए हमें आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। एक माह तक सभी गांवों में विरोध प्रदर्शन तथा सभाएं आयोजित की जाएगी।



**मंडी अटेली।** पूर्व विधायक नरेश यादव।

### सरकार पर भेदभाव का आरोप

मंडी अटेली। प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में बनाए गए उपमंडलों की सूची में अटेली को शामिल न किए जाने पर हलके के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में बहुजन समाज पार्टी के नेता अतरलाल एडवोकेट ने राज्य सरकार पर अटेली हलके के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की है। अतरलाल ने कहा कि आंदोलन के प्रथम चरण में 15 दिसंबर से गांवों में आक्रोश सभाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को रामपुरा गांव से इसकी शुरूआत की जाएगी।

